

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 150 ● मुंबई, मंगलवार 28 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### धरियावद में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया



● पदमावत मीडिया

**धरियावद ।** आईडियल्स विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक कैलाश किकावत, प्रिंसिपल रजनी वैष्णव ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर राष्ट हित में बच्चों को विभिन्न जानकारी से अवगत करवाया इस दौरान विद्यालय परिसर में कार्यक्रम के अंतर्गत झंडा रोहण कर राष्ट्गान गाया गया पीटी परेड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए गए जिसमें देशभक्ति के नाट्य मंचन कार्यक्रम भी हुआ इस दौरान आईडियल्स विद्यालय की प्रतिभाओं का भी सम्मान हुआ विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट पर्दशन करने पर उपखंड स्तर पर आरना पालीवाल, आस्था पालीवाल, अक्षत पालीवाल, जेनिल सेठिया सहित विद्यालय के बच्चो को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

### जनजाति छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पदो पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन के लिए साक्षात्कार आज से

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पदो पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के चयन के लिए वॉक-इन-इन्टरव्यू (साक्षात्कार) 29 जनवरी से 12.फरवरी तक आयोजित किये जाएंगे। अतिरिक्त आयुक्त गीतेश श्री मालवीय ने बताया कि साक्षात्कार हेतु आवेदनकर्ता द्वारा जिस जिले के छात्रावास हेतु आवेदन किया गया है. उनसे संबंधित जिला/संभाग के संबंधित उपायुक्त कार्यालय टीएडी उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व आबूरोड (सिरोही) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा व जोधपुर से सम्पर्क कर एवं आवश्यक मूल दस्तावेजो के साथ संबंधित स्थल पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित रहना होगा। साक्षात्कार स्थान, दिनांक एवं समय का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

### हेमंत जोशी संभाग अध्यक्ष नियुक्त



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवाड़ जनशक्ति दल की 2025 की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन के संरक्षक डॉक्टर राजीव पांड्या की अनुशंसा पर संगठन के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने समाजसेवी व्यापारी हेमंत जोशी को संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन की कोर कमेटी ने हेमंत जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहां की आने वाले समय में हेमंत जोशी के नेतृत्व में संगठन एक नई ऊंचाइयां पर पहुंचेगी। यह जानकारी संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने दी।

### आबकारी आयुक्त ने किया ध्वजारोहण, राष्ट्रीय पर्व पर दी शुभकामनाएं

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस आबकारी भवन उदयपुर राजस्थान में उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद एम नकाते ने आबकारी भवन मुख्यालय परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस समारोह में आबकारी निरोधक दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी गई। समापन राष्ट्गान के साथ हुआ। समारोह में आबकारी आयुक्त श्री नकाते ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत, वित्तिय सलाहकार सुनीता विजय, मुख्य लेखाधिकारी जीएल जाट सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध प्रतापगढ पुलिस की सबसे बडी कार्यवाही

## मादक पदार्थ तस्कर एवं हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर कुशाल खान द्वारा काली कमाई से अर्जित अवैध सम्पत्ति को कराया गया फ्रिज



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर एवं हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर कुशाल खान पुत्र दिलावर खान (45) निवासी गोवर्धनपुरा थाना हथुनिया के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ(1) के तहत बड़ी कार्रवाई कर आरोपी द्वारा तस्करी की काली कमाई से अर्जित 5 करोड़ 30 लाख रुपये कीमत की अवैध सम्पत्ति को फ्रिज कराया गया है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि अभियुक्त कुशाल खां द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी से अवैध सम्पति अर्जित करने की गोपनीय सूचना मिलने पर उनके निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। आरोपी की चल व अचल सम्पतियों को चिन्हित किया तो मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, स्मैक, अफीम आदि की तस्करी के माध्यम से वर्ष 2018 से अब तक बड़े स्तर पर कृषि भूमि, ओद्यौगिक प्लॉट एवं वाहनों की खरीद करना पाया गया। जिसके अनुसार आरोपी ने मोखमपुरा, घोटारसी, गोवर्धनपुरा, हथुनिया पुलिस थाने के पास, भवरासा तहसील जीरण जिला नीमच में मुख्य मदंसौर-नीमच राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुल करीब 35 बीघा कृषि भूमि व औद्योगिक प्रयोजनार्थ रूपांतरित जमीन के अलावा एक स्कार्पियों, 02 टैक्टर व एक अपाचे मोटरसाईकिल खरीदी है। एसएचओ हथुनिया इंद्रजीत परमार द्वारा अभियुक्त कुशाल खान पठान द्वारा अवैध मादक पदार्थो की काली कमाई से खरीदी गई सम्पति को फ्रिज का प्रस्ताव तैयार कर 09 दिसम्बर 2024 को कंपिटेन्ट ऑथोरिटी व एडमिनिस्ट्रेटर सफेमा (एफओपी) एण्ड एनडीपीएस एक्ट नई दिल्ली को पेश किया। कंपिटेन्ट ऑथोरिटी द्वारा अभियुक्त को दो बार सुनवाई का अवसर प्रदान कर 6 जनवरी को फ्रीजिंग आदेश का अनुमोदन कर स्थाई किया गया। इसके उपरांत आज सोमवार को भारत सरकार की ओर से अधिकृत कंपिटेट अर्थॉरिटी द्वारा अभियुक्त की अवैध कमाई से अर्जित गांव मोखमपुरा में 0.16 हैक्टेयर, घोटारसी में 0.99 हैक्टेयर और 2.92 हैक्टेयर, गोवर्धनपुरा में 0.81 हैक्टेयर तथा 0.05 हैक्टेयर , हथुनिया पुलिस थाने के पास 1.52 हैक्टेयर, मदंसौर-नीमच राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव भंवरासा मे 0.43 हेक्टर कृषि भूमि व 01 स्कॉर्पियों गाडी, 02 टैक्टर व एक अपाचे मोटर साईकिल जिनकी बाजार कीमत 5 करोड 30 लाख 80 हजार रूपये है, को फ्रीज किया गया है। थानाधिकारी हथुनिया परमार द्वारा सम्पति पर फ्रीजिंग के बोर्ड लगा अग्रिम कार्रवाई के लिये सबंधित विभाग को सूचित किया गया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (परवाह) के अंतर्गत छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी एवं दिलाई शपथ



● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** जिलें में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह परवाह अभियान के तहत राजेश पाठक निरीक्षक आरटीओ सलूंबर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया। राजेश पाठक ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ दिलाई एवं शराब पीकर नशे में ओर थकान में वाहनों को नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलने के नियम आदि की जानकारी दी गई। सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों एवं अज्ञात वाहन चालकों के साथ-साथ यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार और सम्मान करने के निर्देश दिए एवं साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को विद्यालय में मोटर साइकिल ड्राइव करके नहीं लाने की चेतावनी देते हुए विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों पर नियमानुसार दंडित होने की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य विजय चौधरी और प्रभारी मंजू मेघवाल ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## समोर बाग पैलेस में 77वें एकलिंग दीवान विश्वराज सिंह मेवाड़ से मिले पवन जैन पदमावत व यशवर्धन राणावत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी (एसीसीसीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदमावत मीडिया के प्रधान संपादक पवन जैन पदमावत और एसीसीसीसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने सोमवार को राजसमंद विधायक एवं मेवाड़ राजघराने के प्रमुख, 77वें एकलिंग दीवान विश्वराज सिंह जी मेवाड़ से मुलाकात की । इस मुलाकात में समाज सुधार, भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जमीनी स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही, समाज के समक्ष खड़े स्थानीय मुद्दों, विशेषकर विरासत संरक्षण और आमजन की समस्याओं पर भी विमर्श हुआ। पवन जैन पदमावत ने संस्था की गतिविधियों और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को साझा किया, जबकि यशवर्धन राणावत ने स्थानीय जनता की चिंताओं, विरासत, पर्यटन और उनकी बेहतरी के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। चर्चा के दौरान विश्वराज सिंह जी मेवाड़ ने मेवाड़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में चित्तौड़गढ़ में आयोजित भव्य समारोह में विश्वराज सिंह जी मेवाड़ को 77वें महाराणा के रूप में अभिषिक्त किया गया। उनकी इस नई भूमिका को समाज में नई दिशा देने के रूप में देखा जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक को भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुधार और मेवाड़ की धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल के रूप में माना जा रहा है।

## प्रयागराज महाकुंभ में लोढ़ी काशी बांसवाड़ा को मिला गौरव

### श्री काशी विद्वत परिषद के संरक्षक बने उत्तम स्वामी जी

● पदमावत मीडिया



**बांसवाड़ा-उदयपुर-प्रयागराज।** संस्कृतकुंभ में विश्व की सर्वोच्च विद्वानों एवं ज्योतिषी संस्था श्री काशी विद्वत परिषद के संरक्षक पद पर लोढ़ी काशी के रवींद्र ध्यान आश्रम के महंत परम् पूज्य श्री उत्तम स्वामी जी को नियुक्त किया गया है। सोमवार को माघ कृष्ण त्रयोदशी, सोमप्रदोष के शुभ अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में काशी विद्वत परिषद ,केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज), संस्कृतगङ्गा प्रयागराज एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संस्कृतकुम्भ कार्यक्रम का उद्घाटन आज परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी जी श्री उत्तम स्वामी जी महाराज, प्रोफसर ललित कुमार त्रिपाठी-निर्देशक, सर्वज्ञभूषण जी, प्रमोद पंडित क्षेत्र संघटन मंत्री एव विश्वजीत जी इनके शुभ करकमलों से हुवा। द्वितीय सत्र में विश्व की सबसे बड़ी विद्वानो की संस्था काशी विद्वत् परिषद द्वारा परम पूज्य श्री स्वामी जी का प्रशस्ति पत्र का वाचन कर अभिनंदन किया गया तथा उन्हें संरक्षक घोषित किया गया, इस अवसर पर प्रमोद पंडित जी द्वारा पूज्य श्री गुरुदेव द्वारा चलाये जा रहे संस्कृत कार्यो का विवरण किया गया, प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी जी द्वारा संतों एवं संस्कृतज्ञों की भूमिका, सर्वज्ञभूषण जी द्वारा युवाओ की संस्कृत हेतु भूमिका बतायी गई । काशीविद्वत्परिषद के राष्ट्रीय महामन्त्री प्रो.रामनारायण द्विवेदी द्वारा स्वामी जी की शास्त्र के प्रति गहन रुचि एवं संस्कृत कार्यो की प्रशंसा कर उन्हें काशीविद्वत्परिषद का संरक्षक की घोषणा की जिसे स्वामी जी द्वारा सहर्ष स्वीकृति दी गयी।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया गया

## तीन विद्यार्थियों को टैबलेट पीसी से सम्मानित किया गया



● पदमावत मीडिया

संवाददाताः ईश्वर लाल सुथार

**सलूंबर ।** जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरावाड़ा में राज्य सरकार के आदेशानुसार शनिवार को रंगा रंग कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रताप सिंह माज़ावात द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि भंवरलाल जैन, मुख्य अतिथि नाथूलाल मीणा पूर्व सरपंच, ओर संस्थाप्रधान चुन्नीलाल मीणा द्वारा मां शारदे को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में वर्षभर के प्रतिभाशाली बालक बालिकाओं को खेलकूद और परीक्षा परिणाम के आधार पर सम्मानित किया गया जिसमें कपिल बुनकर को कब्बड्डी में राज्य स्तर पर चयन हेतु एवं, वीरेंद्र मीणा, गजेंद्र मीणा, सोना पटेल, को कक्षा 8 के उत्कृष्ट परिणाम हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदत टेबलेट पीसी भेंट देकर सम्मानित किया गया। संस्थाप्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि श्रेष्ठ भविष्य ओर मानव निर्माण हेतु सभी वर्गो का शिक्षित होना आवश्यक हे बिना शिक्षा के भावी पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित नही हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रतनलाल पटेल द्वारा किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर सुरों की मण्डली ने फैलाई सुरों के सतरंगी छटा-माधवानी

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस पर जन-गण-मन कार्यक्रम आयोजित कर सुरों की मंडली के 76 सुर साधकों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया। संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि लगभग 5 घंटे के कार्यक्रम में हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने देशभक्ति से सराबोर गीतों को प्रस्तुत कर नई ऊर्जा का संचार किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात सितारवादक पंडित नरेश कुमार वेयर थे । संगीत सेवा हेतु सुरों की मण्डली द्वारा पंडित नरेश कुमार वेयर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती वीनू वैष्णव ने बताया की मधुश्री आडिटोरियम में सरस्वती जी चित्र पर माला एवं दीप प्रज्जवलित के पश्चात मण्डली के उद्देश्य और कार्यक्रम की रूप रेखा की जानकारी देकर विधिवत शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि द्वारा मण्डली व्दारा किये जा रहे कार्य की सराहना की साथ ही एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र प्रकाश गन्धर्व एवं गोपाल गोठवाल,मंचसज्जा निखिल माहेश्वरी,ट्रेक एवं साउंड योगेश उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक कैलाश केवलिया द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। जलपान की व्यवस्था भामाशाह दिलीप जैन द्वारा रखी गई।

# उदयपुर के विकास के लिए बजट प्रस्ताव सौंपा, मुख्यमंत्री से की चर्चा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन (आईएचआरएसओ) के संभागीय अध्यक्ष विकास गौड़ और उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उदयपुर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्ताव सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने शहर की प्रमुख समस्याओं और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

### मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में संगठन ने उदयपुर के लिए चार मुख्य मांगें रखीं

1. संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना~ संस्कृत और सनातन संस्कृति को संरक्षित करने के लिए विश्वविद्यालय और संस्कृत महाविद्यालयों के लिए विशेष बजट का प्रस्ताव।
2. महिलाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र~ महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु सरकारी प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग।
3. सड़क निर्माण के लिए बजट~ शहर की सड़कों की गुणवत्ता सुधारने के लिए समुचित बजट और बीएसआर संशोधन।
4. प्रादेशिक फिल्मों को प्रोत्साहन~ क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी को 30त्न से बढ़ाकर 50त्न करने की सिफारिश।

इसके अलावा संगठन ने पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान, सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने, स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, और विकेंद्रीकरण के लिए सुझाव दिए। उन्होंने आरजीएचस योजना के तहत पेंशनभोगियों को हो रही समस्याओं पर भी ध्यान आकृष्ट कराया और इसे स्थानीय स्तर पर सुलझाने की मांग की। गौड़ और राणावत ने मुख्यमंत्री से उम्मीद जताई कि इन सुझावों को बजट में शामिल कर न केवल उदयपुर, बल्कि पूरे प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

राणावत ने मुख्यमंत्री से उदयपुर में धरातल पर पर्यटन के लिए 100 करोड़ रुपए की मांग व पर्यटन एवं होटल उद्योग के लिए कौशल विकास संस्थान व जीएसटी दरों में कमी की भी मांग की।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन सुझावों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।



## उत्साहपूर्वक मनाया गया 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह, राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग मंत्री ने किया झंडारोहण व ली मार्च पास्ट की सलामी

# बिना किसी भेदभाव और सामाजिक समरसता के साथ किया जाएगा क्षेत्र का विकास: मंत्री मीणा

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मोहनलाल सुखाडिया स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग मंत्री हेमन्त मीणा ने झंडारोहण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। समारोह में मख्य कार्यकारी अधिकारी परसाराम द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय का संदेश वाचन किया गया। समारोह में मार्च पास्ट, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य अतिथि उदबोधन, पीटी प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य, पुरस्कार वितरण, झांकी प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरकार ने कुंभ के प्रयागराज के माध्यम से धार्मिक संस्कृति, सनातन संस्कृति, भारत की प्रतिभा को परख कर एक मजबूत देश, विश्व शक्ति एवं विकसित राष्ट बनाने का काम किया। इस दौरान राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग माननीय मंत्री हेमन्त मीणा ने संबोधित करते हुये कहा आज हम अपने देश के 76वें गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे हैं। यह दिन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था और हम एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतांत्रिक गणराज्य बन गये। हमारा संविधान हमारे देश की आत्मा है, जो हमें एकजुट रखता है और हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। यह हमें समानता, न्याय, और स्वतंत्रता की गारंटी देता है और हमें एक शक्तिशाली और समृद्ध राष्ट बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज हम अपने प्रदेश एवं क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने नागरिकों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। हम अपने देश की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहा है, और इस अवसर पर मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने कुंभ के प्रयागराज के माध्यम से धार्मिक संस्कृति, सनातन संस्कृति, भारत की प्रतिभा को परख कर के मजबूत देश, विश्व शक्ति एवं विकसित राष्ट की श्रेणी में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा सरकार बिना किसी क्षेत्रवाद, बिना किसी राजनीतिक द्वेष, बिना किसी जातिवाद, सामाजिक समरसता के साथ सरकार द्वारा विकास के कार्य पूर्ण किए जाएंगे एवं क्षेत्र के हर आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने का काम सरकार द्वारा अधिक तेजी से किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार ग्रामीण अंचल को विकास कार्यों की ओर जोड़ने का काम विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार द्वारा किया गया है। हमारी सरकार द्वारा क्षेत्र की मूल आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने का काम अधिक तेजी से किया जा रहा है, जिससे हमारे क्षेत्र एवं प्रदेश के नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवक युवतियों के उज्जवल भविष्य के लिए कई सरकारी भर्तियों के अवसर प्रदान किये जा रहे है एवं



राइजिंग राजस्थान के तहत क्षेत्र को अग्रणी बनाने हेतु अनेकों तरह के बिजनेस तैयार करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार, अधिकारी, कर्मचारी, और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो, हमारे क्षेत्र की तरक्की के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी मिलकर काम करें। सरकार को नीतियाँ बनानी हों, अधिकारियों को उनको लागू करना हो, कर्मचारियों को अपने काम को पूरा करना हो, और राजनीतिक दलों को अपने विचारों को साझा करना हो, इससे न केवल हमारे क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि हमारे क्षेत्र एवं प्रदेश की तरक्की भी होगी। माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नेतृत्व में हमारी सरकार एवं हम सब सामूहिक रूप से पूरे प्रदेश एवं क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे, जिससे हमारा क्षेत्र अग्रणी हो सके। समारोह में नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर, जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, उपवन संरक्षक हरिकिशन सारस्वत, उपखण्ड अधिकारी मणिलाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन सुरेन्द्र सुमन व नीलम कटलाना द्वारा किया गया।

### संस्कृति कार्यक्रम हुए आयोजित, विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

इस अवसर पर विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, कलाकारों, ने भाग लिया। कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, और संगीत की प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों ने देश की विविध संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले नृत्य और संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेन्टपॉल विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्गान, माही गर्ल्स स्कूल की छात्राओं द्वारा योग प्रदर्शन, एपीसी, शालोम, राबाउमावि., आदर्श सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य व उप्रावि के छात्राओं द्वारा पीटी प्रदर्शन, लक्ष्य इन्टनेशनल स्कूल, एकलव्य आवासीय विद्यालय, सर्वोदय किड्स कॉन्वेंट के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य कर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

### झांकियों द्वारा हुआ विभागीय कार्यो का प्रदर्शन

समारोह में विभिन्न विभागों ने झांकियों के माध्यम से अपने कार्यो व गतिविधियों का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान पर आईटीआई, द्वितीय स्थान पर उपवन संरक्षक व तृतीय स्थान पर शिक्षा विभागकी झांकी रही।

### समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर मुख्य अतिथि राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग मंत्री हेमन्त मीणा, नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर, जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया व जिला पुलिस विनीत कुमार बंसल द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सुशीला मीणा, राहुल मीणा, मंगला कुमावत, वीर गांधा प्रोजेक्ट के लिए लबिंद्र सोनी,कुलदीप सिंह चैहान, हिमांशी मकवाना एवं शिवराम सोनी, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के प्रवीण मीणा, आसू मीणा, खानूराम मीणा ,गोविंद मीणा ,केसर मीणा, मनीष मीणा, मुकेश मीणा, अमृतलाल मीणा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा टीना सोनी, अशोक पालीवाल, शंभू लाल पाटीदार, कारू सिंहआंजना, राजेश मेघवाल, हर्षित राज सोनी, राधा देवी, फूलवंती मीना, संतोष शर्मा, विजय लाल, निशा रानी, मनीष टेलर, संजीवनी सेवा संस्थान सृष्टि सेवा संस्थान, रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान एवं विकास समिति पटेल चैक छोटी सादड़ी, स्वयं सेवा संस्थान समस्त, नागरिक स्वयंसेवक, सन्नी टोपे , विद्या बाई, बबलू कजानी, विशाल चनल, आरती सेन, यशवंत मीना सीमा टेलर ,सविता चैधरी ,ज्योति बाला पाटीदार, भगवान दास अहीर, जीवन सिंह सिसोदिया ,अंकुश डांगी ,कारू लाल कीर, रामचंद्र मोची, ,तेज सिंह राणावत ,ईश्वरलाल मीणा, राम कन्या कुमावत, पीयूष भट्ट ,अंबालाल मीना, हेमलता मीणा दिनेश कुमार वर्मा, सचिन शर्मा ,साधना शर्मा ,सुनीता कुमारी बामनिया, डॉ. धीरज सेन, डॉ. कैलाश चंद्र चरण, संदीप बघेल , अर्पित खंडेलवाल, रौनक देवड़ा, लोकेश प्रजापत ,लोकेश जीनगर, प्रशांत शर्मा, धर्मेंद्र जाटव ,विष्णु दत्त सालवी, लोकेश मेघवाल ,तेजपाल पांडे,कमल नयन पांड्या, महेश चंद्र आमेटा, यतींद्र पोरवाल, शिवदयाल चारण,ललित सिंह राठौड़, रितु अग्रवाल, भिमराज मीणा यशोदा वर्धन शर्मा, ऋषिकेश पालीवाल, सुनील कुमार जोशी ,नर्मदा कटारा, सुनीता निनामा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग प्रतापगढ़ ,जनजाति क्षेत्र विकास , शिक्षा विभाग ,अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, नगर परिषद, जल संसाधन विभाग प्रतापगढ़ को भी पुरस्कृत किया गया।

---

उदयपुर जिले में डीएसटी, थाना सुखेर व हिरणमगरी पुलिस की कार्रवाई

## एमडी ड्रग बेचने के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार





● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले की स्पेशल टीम ने थाना सुखेर व हिरण मगरी पुलिस के साथ अलग-अलग कार्रवाइयों में एक विदेशी महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर के एक गेस्ट हाउस में रुकी केन्या निवासी विदेशी महिला के पास से पुलिस ने 30.17 ग्राम एमडीएमए ड्रग भी जब्त की है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएसपी उमेश ओझा व सीओ कैलाश चंद्र के सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रत्नू द्वारा एसएचओ सुखेर रविंद्र चारण संयुक्त कार्रवाई कर नैरोबी, केन्या निवासी विदेशी युवती नैंसी अविनो (27) को गिरफ्तार कर 30.17 ग्राम एमडीएमए ड्रग जब्त की है। उक्त युवती अभी हेरीटेज हवेली गेस्ट हाउस उदयपुर में रह रही थी। एसपी गोयल ने बताया कि डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रत्नू व उनकी टीम द्वारा दूसरी कार्रवाई एसएचओ हिरण मगरी भरत योगी मय टीम के साथ की। थाना सुखेर में गत वर्ष दर्ज एमडीएम ड्रग बेचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद अमान उर्फ लक्की माया पुत्र अब्दुल फरीद निवासी मुखर्जी चौक थाना सूरजपोल हाल लालमगरी थाना अम्बामाता एवं मोहम्मद अजमन उर्फ दानिश पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी रज्जा कॉलोनी निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है।

---

## राजस्थान लोक सेवा आयोग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष कैलाश चंद मीणा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीणा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर हम सभी संविधान में निहित उच्च आदर्शों, मूल्यों व कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा का सदैव सम्मान करें और राष्ट के विकास में पूर्ण योगदान दें। आयोग सदस्य लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़, प्रो अय्यूब खान, आयोग सचिव रामनिवास मेहता, मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने भी आयोग कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में सहायक सचिव दयाकर शर्मा, अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा, सुरेन्द्र सिंह चंदावत, कनिष्ठ विधि अधिकारी




ऋचा झवर, लिपिक ग्रेड-प्रथम पंकज धौलपुरिया, सुरेन्द्र सिंह, सहायक प्रोग्रामर अक्षता वर्मा एवं बागवान कचरु भील को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

## गणतंत्र दिवस पर गोगुंदा में गुरिल्ला लाइटिंग वर्कशॉप

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर महाराणा प्रताप की राजतिलक स्थली पर अनूठी गुरिल्ला लाईटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। गोगुंदा स्कूल प्रशासन, कला एवं संस्कृति संरक्षण की गतिविधियों को समर्पित कश्ती फाउंडेशन और अर्बन स्केचर्स वैश्विक समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि गोगुंदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता में आयोजित इस लाइटिंग वर्कशॉप में ख्यातनाम आर्किटेक्ट सुनील एस लड्ढा ने विद्यार्थियों को गोगुंदा में महाराणा प्रताप के राजतिलक स्थल पर वास्तुशिल्प की बारीकियों और महाराणा प्रताप से जुड़े समस्त स्थलों के निर्माण में प्रयुक्त विशिष्टताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तर शिल्प के साथ तिरंगी लाईटिंग का प्रयोग करते हुए आकर्षक तिरंगी आभा का निर्माण करवाते हुए गणतंत्र के गौरव को उजागर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और कलाकार मौजूद रहे।

---

## वार्डन व कोच के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए साक्षात्कार कल से

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर की ओर से संचालित विभागीय छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के वॉक-इन-इंटरव्यू (साक्षात्कार) 29 जनवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) गितेश श्री मालवीय ने बताया कि साक्षात्कार के लिए आवेदनकर्ता द्वारा जिस जिले के छात्रावास के लिए आवेदन किया गया है, उन्हें संबंधित जिले-संभाग के उपायुक्त कार्यालय टीएडी उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ व आबूरोड़ सिरोही तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा व जोधपुर में संपर्क कर होगा तथा संबंधित स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

### यह है जिले वार साक्षात्कार तिथि

आयुक्त टीएडी सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने साक्षात्कार के लिए कमेटी गठित करते हुए जिलेवार कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार 29 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय आबू रोड सिरोही में सिरोही के लिए, 30 को आबूरोड सिरोही में ही पाली और राजसमंद के लिए, 31 को जिला परिषद जोधपुर में पाली व सिरोही को छोड़ कर जोधपुर संभाग के अन्य जिलों के लिए साक्षात्कार होंगे। इसी प्रकार जिला परिषद कोटा में 3 से 5 फरवरी तक कोटा संभाग के, उपायुक्त कार्यालय उदयपुर में 5 व 6 फरवरी को उदयपुर व सलूम्बर जिले के, उपायुक्त कार्यालय प्रतापगढ़ में 31 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़ जिले के लिए, उपायुक्त कार्यालय डूंगरपुर में 5 व 6 फरवरी को डूंगरपुर जिले के लिए, उपायुक्त कार्यालय बांसवाड़ा में 3 व 4 फरवरी को बांसवाड़ा जिले के लिए, जिला परिषद कार्यालय जयपुर में 29 जनवरी से 1 फरवरी तक जयपुर संभाग के जिलों के लिए, जिला परिषद कार्यालय अजमेर में 6 व 7 फरवरी को अजमेर संभाग के जिलों के लिए तथा जिला परिषद भरतपुर में 10 से 12 फरवरी तक भरतपुर संभाग के जिलों के लिए साक्षात्कार होंगे। साक्षात्कार स्थान, दिनांक व समय का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

---

## उप खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस पर 39 लोग हुए सम्मानित

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** स्थानीय शिवराज स्टेडियम में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी ने कर एवं परेड की सलामी ली । विभिन्न विद्यालय द्वारा मार्च फास्ट, व्यायाम प्रदर्शन, घोष प्रदर्शन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन हम संकल्प लें कि हम देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे। देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने की दिशा में काम करेंगे।

अपने साथ दूसरे के अधिकारों का भी ध्यान रखेंगे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश भक्ति समूह नृत्य मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू...... समूह नृत्य आरंभ है प्रचंड है......, एकल गायन तेरी ममता पर मिटेंगे......, वंदे मातरम..... , शताब्दी संकल्प भाषण, आज दिल पर हाथ रख... पैरोडी वीर रस कविता, माय भवानी, मार्शल आर्ट प्रदर्शन, समूह नृत्य जीते हैं चल...., व्यायाम प्रदर्शन पिरामिड देश भक्ति से ओतप्रोत सामूहिक , नृत्य



,पिरामिड, योगा सहित अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई । कार्यक्रम के दौरान परेड में प्रथम स्थान एनसीसी राजकीय महाविद्यालय एवं दूसरा स्थान एनसीसी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनमाल की टीम रही । वही चिकित्सा विभाग, वन विभाग, पंचायत विभाग द्वारा झांकी की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान उल्लेखनीय कार्य करने पर 39 लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ समरजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित, पुलिस निरीक्षक रामेश्वर भाटी, जोधपुर डिस्कॉम के भरत देवड़ा, पालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी, डॉ रमेश देवासी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं गणमान्य नागरिक लोग उपस्थित थे। मंच संचालन एंकर मीठालाल जांगिड़ ने किया । कार्यक्रम के दौरान शाम को वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमे माघ रेड विजेता व उप विजेता माघ ब्ल्यू रही । एम्पायर की भूमिका बंशीलाल गौड व उत्तम काबावत ने निभाई।

---

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संदीप राठौड़ का हुआ सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर मतदाता जागरूकता संबंधित गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने के लिए सोशल मीडिया इंफ्लूएंजर संदीप राठौड़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर के रविंद्रनाथ टेगोर मेडिकल कॉलेज स्थित एलएनटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह की अध्यक्षता जिला परिषद सीईओ व स्वीप के प्रभारी अधिकारी हेमेंद्र नागर ने की। मुख्य अतिथि एडीजे कुलदीप शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि एडीएम सिटी वार सिंह, डॉ अशोक बैरवा, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा,एनआईसी के तकनीकी निदेशक मजहर हुसैन, डॉ पीयूष भंडारी उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न सरकारी कार्मिकों के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के लिए अतिथियों ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंजर संदीप राठौड़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कार्मिकों सहित शहर के निजी व राजकीय विद्यालय के



विद्यार्थी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाने वाले प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। संचालन डॉ देवीलाल गर्ग ने किया और आभार लव पारीक ने जताया।

# सार समाचार

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री 28 व 29 जनवरी को उदयपुर संभाग के प्रवास पर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा 28 एवं 29 जनवरी को उदयपुर संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि गोदारा 28 जनवरी को सुबह 7.55 बजे डबोक एयरपोर्ट आएंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा प्रतापगढ़ प्रस्थान करेंगे। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात मंत्री गोदारा रात 8 बजे उदयपुर पहुंच कर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 29 जनवरी को गोदारा सुबह 7.10 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचकर विमान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महावीर परमार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला स्तर पर हुए सम्मानित



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** स्थानीय इन्दिरा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर परमार को गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया । महावीर परमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर प्रदीप गावड़े व पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा सम्मानित किया गया । परमार सम्मानित होने पर शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की है ।

## प्रशासनिक अधिकारी नीरजकुमारी हुई जिला स्तर पर सम्मानित

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्यवाहक उप खंड अधिकारी भीनमाल, तहसीलदार भीनमाल-जसवंतपुरा नीरजकुमारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर प्रदीप के गांवड़े व पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नीरजकुमारी के सम्मानित होने पर शुभचिंतकों ने बधाईयां देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।

## जिला कलक्टर के निजी सचिव सुरेश मेवाड़ा संभाग स्तर पर हुए सम्मानित



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** जिला कलक्टर जालोर के निजी सचिव सुरेश मेवाड़ा गणतंत्र दिवस के अवसर पर संभाग मुख्यालय जोधपुर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए । सुरेश मेवाड़ा निजी सचिव नवसृजित संभागीय आयुक्त कार्यालय पाली में प्रतिनियुक्ति पर एक वर्ष तक कार्यरत रहते हुए अपने पदीय कर्तव्य का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन किया। जिसके फलस्वरूप सम्भागीय आयुक्त जोधपुर डॉ. प्रतिभासिंह द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर संभाग मुख्यालय जोधपुर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया । उल्लेखनीय है कि मेवाड़ा ने 6 वर्ष तक न्यायिक विभाग में अपनी सेवाएं दी एवं 26 वर्ष तक प्रशासनिक विभाग में अपनी अमूल्य सेवाएं दी ।

## दिपेश सिद्धावत हुए जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** सामाजिक कार्यों में अग्रणी, भामाशाह के रूप में कार्य करने एवं जनहित सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर लायंस क्लब जालोर के सचिव दीपेश सिद्धावत को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर प्रदीप के गांवड़े व पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## बागोर की हवेली में झण्डारोहण



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर में 76वें गणतंत्र दिवस पर हेमंत मेहता, कार्यक्रम अधिशाषी द्वारा बागोर की हवेली में झण्डारोहण किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी केन्द्र उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत ने दी।

### राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025: सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# उदयपुर में हुआ राज्य स्तरीय समारोह राज्यपाल ने किया ध्वजारोहण



**वीर भूमि मेवाड़ से गूंजा सशक्त गणतंत्र और समृद्ध राष्ट्र का संदेश**

**मुख्यमंत्री सहित कई विशिष्ट जन रहे उपस्थित**

**घुड़सवारी विंग की साहस और शौर्य भरी प्रस्तुतियों ने किया रोमांचित**

**झांकियों में दिखी विकसित राजस्थान और अक्षुण्य सांस्कृतिक विरासत की झलक**

● पदमावत मीडिया





**उदयपुर।** शौर्य, बलिदान और भक्ति की धरा उदयपुर का महाराणा भूपाल स्टेडियम 10 सालों के अंतराल के बाद एक फिर राष्ट्रीय पर्व पर राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का साक्षी बना। 76वें गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह वीर भूमि मेवाड़ के उदयपुर शहर में आयोजित हुआ। पूर्ण प्रोटोकॉल और गरिमा के साथ आयोजित इस भव्य समारोह में राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा रविवार सुबह 9.15 बजे महाराणा भूपाल स्टेडियम पहुंचे। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत व पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने उनका स्वागत किया। सुबह 9.30 बजे राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े का स्टेडियम में आगमन हुआ। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उनकी अगवानी की। राज्यपाल ने राष्टीन धुन के साथ तिरंगा ध्वज फहराकर सलामी ली। इसके पश्चात उन्होंने खुले वाहन में सवार होकर परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात पुलिस, आरएसी, होमगार्ड आदि की 16 टुकड़ियों ने घोष की धुन के साथ कदमताल करते हुए मार्चपास्ट किया। राज्यपाल श्री बागड़े ने संबोधन के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) श्री सचिन मित्तल तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस, हाल निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री एस.सेंगाथिर को राज्यपाल महोदय ने राष्टपति पदक प्रदान किया। इसके अलावा 12 अधिकारियों-कर्मचारियों को योग्यता प्रमाण पत्र से नवाजा गया। इसके पश्चात राजस्थान संगीत नाट्य अकादमी की ओर से लोक कलाकार तथा स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पुलिस की घुड़सवारी विंग की ओर से आकर्षक घुड़सवारी शो प्रस्तुत किया जाएगा। आर्मी, सेंट्रल बैण्ड तथा दो विद्यालयों की टीमों द्वारा बैण्डवादन से समां बांधा। झांकी प्रदर्शन के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, डीजीपी उत्कल रंज राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद श्री सीपी जोशी, उदयपुर शहर विधायक श्री ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक श्री उदयलाल डांगी, सलूम्बर विधायक शांतादेवी मीणा, निम्बाहेड़ा विधायक श्री श्रीचंद कृपलानी, एसीएस गृह आनंदकुमार, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती सपना शाह तथा सहायक जनसंपर्क अधिकारी चंद्रशेखर पारीक ने किया।

### जीवंत हो उठी विविधता में एकता की परिकल्पना

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने एक भारत-नेक भारत और विविधिता में एकता की परिकल्पना जीवंत सी हो उठी। कलाकारों ने राजस्थान घूमर, हरियाणा घूमर, पश्चिम बंगाल के पुरूलिया छाड़, गुजरात के राठवा, भरतपुर के मयूर नृत्य, जयपुर के कच्छीघोड़ी तथा मणिपुर के कठपुतली लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। मैदान में एक साथ नृत्य करते यह कलाकार भारत की अनेकता में एकता और वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को मूर्त रूप देते से नजर आए। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी में उत्साह और जोश का संचार किया।

### घुड़सवारी शो ने जगाया साहस और शौर्य

समारोह के दौरान राजस्थान पुलिस की घुड़सवारी विंग ने एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता उपाधीक्षक जितेंद्रसिंह के नेतृत्व में घुड़सवारी का अद्भूत प्रदर्शन किया। तेज रफ्तार से दौड़ते घोड़ों पर सवार होकर तलवार और भाले के साथ प्रदर्शन और छलांग लगाकर बाधाएं पार करने की साहस और शौर्य से परिपूर्ण इस प्रस्तुति ने अतिथियों और दर्शकों को रोमांचित किया।

### झांकियों में दिखी सांस्कृतिक गौरव और आपणो अग्रणी राजस्थान की झलक

गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदर्शित झांकियों ने राजस्थान के सांस्कृतिक गौरव और विकसित भारत के संकल्प के साथ कदमताल करते आपणो अग्रणी राजस्थान का भी दिग्दर्शन कराया। इसमें सर्वप्रथम उद्योग, वाणिज्य एवं बीआईपी विभाग की ओर से राइजिंग राजस्थान थीम का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें राज्य में हुए निवेश प्रस्तावों का चित्रण करते हुए आने वाले समय में प्रदेश में निवेश और रोजगार के बढ़ते अवसरों को दर्शाया गया। पंचायतीराज विभाग मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत हो रहे कार्यों तथा उसके प्रभावों को मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने राजस्थान में तेजी से फैलती डिजिटल क्रांति को प्रदर्शित किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा तथा म्हारे गांव, टीबी ना पसारे पांव थीम पर जीवंत झांकी प्रदर्शित कर देश व प्रदेश को टीबी मुक्त करने के संकल्प को दर्शाया। कृषि एवं कृषि विपणन विभाग ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया। वहीं पर्यटन विभाग ने भारत की शान राजस्थान थीम पर प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरवों को प्रदर्शित करते हुए पधारो म्हारे देश का संदेश प्रतिध्वनित किया। जयपुर जिले की झांकी में पंच गौरव, कोटा जिले ने कामयाब कोटा, बीकानेर जिले ने सोलर पार्क, हैरिटेज वॉक तथा एक पेड़ माँ के नाम, बांसवाड़ा ने आदिवासी धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलः मानगढ़ धाम, अरथूना मंदिर, चित्तौड़गढ़ ने भक्ति, शक्ति और त्याग की त्रिवेणी चित्तौडगढ़ की मनमोहक जीवंत झांकी प्रस्तुत की। डूंगरपुर जिले की झांकी में आदिम संस्कृति और विरासत का संगम दर्शाते हुए गेर नृत्य, देवसोमनाथ शिवालय, बेणेश्वर धाम, एक थम्बिया महल को प्रदर्शित किया। प्रतापगढ़ जिले ने कांठल आस्था और प्रकृति का संगम थीम पर सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य, गौतमेश्वर शिवालय, स्वतंत्रता सैनानियों, मांडना व थेवा कला को समाहित करते हुए आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। राजसमंद जिले ने स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता का 4 पी मॉडल को प्रदर्शित किया। सलूम्बर जिले की झांकी में हाडारानी का बलिदान, महाराणा प्रताप का शौर्य, मां ईडाणा की आस्था एवं जयसमंद झील को प्रदर्शित किया गया। अंत में उदयपुर जिले की झांकी में उदयपुर को उभरते हुए डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता (अण्डर-19)

# नेशनल प्रतियोगिता की मेजबानी को तैयार उदयपुर, सबसे पहले पहुंची महाराष्ट्र की टीम

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में 29 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाली विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश भर से टीमों के उदयपुर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। सोमवार को दोपहर में सबसे पहले महाराष्ट्र राज्य की टीम रेल मार्ग से उदयपुर पहुंची। तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की टीम भी रात्रि को रेल मार्ग से उदयपुर पहुंच गई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.लोकेश भारती ने बताया कि मंगलवार को अलसुबह से लेकर रात्रि तक दिन भर टीमों के आने का क्रम जारी रहेगा। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर परिवहन समिति के सदस्यों को तैनात कर दिया गया है जहां से वह टीमों को बस द्वारा उनके आवास स्थल तक पहुंचाएंगे। आवास पर कोई परेशानी ना हो इसके लिए सभी स्थान पर आवास समिति के सदस्यों को नियुक्त कर दिया गया है, जिसमें महिला कार्मिकों को ही टीमों के कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। भारती ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए गठित की गई विभिन्न समितियो को अपने-अपने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी समितियां आपस में समन्वय करते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उदयपुर हमेशा किसी भी आयोजन को सर्वश्रेष्ठ तरीके से करता आया है वही छवि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी देखनी चाहिए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू एण्ड कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरला, पंजाब, झारखंड, गुजरात, बिहार, सीबीसीई डब्ल्यूएफ, आईपीएससी, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, सीआईएससीई, एवं राजस्थान सहित देश की 22 टीमें भाग रही हैं। उप जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सालवी एवं आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आयोजन सचिव आशुतोष तुली ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ लोकेश भारती ने आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियां की अति आवश्यक बैठक फ़तह स्कूल में में ली, जिसमें समिति प्रभारी से अभी तक हुई प्रगति की रिपोर्ट ली गई। विभिन्न समितियां के प्रभारी एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक में शिक्षा विभाग की उच्च अधिकारियों के अलावा फ़तह स्कूल के प्रधानाचार्य चेतन पानेरी, जेपी भावसार, आयोजक विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजयसिंह रावत, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री भैरू सिंह राठौड़, गोपाल सिंह असोलिया मौजूद रहे। आवागमन की सुविधा के दृष्टिकोण से इस राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का कंट्रोल रूम पीएम श्री राजकीय फतह स्कूल में बनाया गया है। जेपी भावसार ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच शहर के अलग अलग 6 मैदानों पर करवाये जाएंगे। एसजीएफआई द्वारा प्रतियोगिता के मैच का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार 29 जनवरी से 31 दिसंबर तक लीग मैच खेले जाएंगे इसके बाद लीग मैचों अंकों के आधार पर विजेता रही टीमों के 1 फरवरी से नॉकआउट पद्धति से मैच खेले जाएंगे। 2 फरवरी को दोनों सेमीफाइनल एवं हार्डलाइन का मैच खेला जाएगा। 3 फरवरी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## सज्जनगढ़ वन्यजीव अयारण्य इको सेंसेटिव ज़ोन मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सज्जनगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य इको सेंसेटिव ज़ोन मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर पोसवाल ने सेंसेटिव ज़ोन के मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मास्टर प्लान के नियमों के तहत ही संबंधित क्षेत्र में नवीन निर्माण स्वीकृतियां जारी हो सकती है। इस दौरान उन्होंने सेंसेटिव ज़ोन के संरक्षण के संबंध में भी उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। बैठक के दौरान कमेटी के समक्ष सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के इको सेंसेटिव जोन में भूमि संपरिवर्तन के 7 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिनका विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर 3 प्रकरणों का अनुमोदन किया गया। बैठक में यूडीए आयुक्त राहुल जैन ,नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, गिर्वा उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी, यूडीए ओएसडी जितेंद्र ओझा, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) सुनील कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग अधीक्षण अभियंता मनोज जैन,पर्यटन विभाग उपनिदेशक शिखा सक्सेना, जिला उद्योग अधिकारी चोखाराम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 76वां गणतंत्र दिवस समारोहः राज्यपाल ने मुय समारोह में 14 व एट होम कार्यक्रम में 21 को किया समानित

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गौरवमयी उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े ने उत्कृष्ठ कार्यों के लिए 17 पुलिसकर्मियों सहित कुल 35 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 14 को मुख्य समारोह में तथा 21 को एट होम कार्यक्रम में नवाजा गया। राज्यपाल ने महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) एवं साइबर क्राइम, हाल कार्मिक सचिन मित्तल तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस हाल निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। इसके अलावा जिला कलक्टर सलूम्बर जसमीतसिंह संधू, आयोजना विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मंजू विजय, उद्यान आयुक्तालय जयपुर के संयुक्त निदेशक राजेंद्रसिंह, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के सहायक आचार्य सुरेश कुमार झीरवाल, राजीविका के परियोजना निदेशक (प्रशासन) अजयकुमार आर्य, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर के उपनिदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव, कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अनुभागाधिकारी अवधेश कुमार गुप्ता, कार्मिक विभाग शासन सचिवालय जयपुर के अनुभागाधिकारी जोगेंद्रिसह, सहायक अनुभागाधिकारी संजय शुक्ला, आयुर्वेद निदेशालय अजमेर के संस्थापन अधिकारी महेश कुमार शर्मा, तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुशीलकुमार मीणा तथा उपखण्ड दांतारामगढ़ सीकर के वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार स्वामी को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इससे पूर्व 25 जनवरी को सहेलियों की बाड़ी में आयोजित एट होम कार्यक्रम में राज्यपाल बागड़े ने बांसवाड़ा के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी, पुलिस दूरसंचार अजमेर रेंज के तत्कालीन उपाधीक्षक व हाल एएसपी एसीबी जालौर वेदप्रकाश, सांचौर के तत्कालीन वृत्ताधिकारी व हाल एएसपी एसीबी जोधपुर मांगीलाल राठौड़, रिजर्व पुलिस लाइन उदयपुर के तत्कालीन आरआई व हाल उपाधीक्षक पुलिस दूरसंचार उदयपुर के अनिलकुमार रेवड़िया, पुलिस मोटर ड्राइविंग स्कूल बीकानेर के पुलिस निरीक्षक री गुरजिन्द्रसिंह को पुलिस पदक से नवाजा। वहीं एसओजी जयपुर के तत्कालीन एसआई व हाल निरीक्षक झुंझुनूं गोपालसिंह जांगिड़, मुख्यमंत्री सुरक्षा जयपुर के उपनिरीक्षक सुरेंद्रसिंह शेखावत, पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर के तत्कालीन प्लाटून कमाण्डर व हाल महाराणा प्रताप बटालियन प्रतापगढ़ के कंपनी कमाण्डर हवासिंह, जिला विशेष शाखा जयपुर के सहायक उप निरीक्षक कल्याण सहाय शर्मा, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर के पुलिस निरीक्षक रामप्रसाद शर्मा, जिला विशेष शाखा जयपुर ग्रामीण के सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल जाट, सीआईडी एसएसबी जयपुर के सहायक उप निरीक्षक पप्पू कुमावत, एमबीसी खेरवाड़ा के तत्कालीन कांस्टेबल नरेंद्रकुमार, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर के कांस्टेबल छगनाराम तथा एसओजी यूनिट अजमेर के कांस्टेबल रामदेव को भी माननीय राज्यपाल पुलिस पदक से सम्मानित किया।

### उदयपुर की सुनीता सहित 6 को प्रशस्ति पत्र

एट होम कार्यक्रम के दौरान विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 6 लोगों को राज्यपाल बागड़े ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें एशियाई लैंकोज प्रतियोगिता की उपविजेता रही भारतीय टीम की कप्तान एवं बेस्ट स्कोरर उदयपुर निवासी सुनीता मीणा, जयपुर की डॉ मनीषा सिंह, जोधपुर के धर्मेंद्र विश्नोई, जोधपुर के मिथलेश श्रीवास्तव, जोधपुर के संस्कार सारस्वत तथा बाड़मेर के फकीरा खान को राज्यपाल महोदय प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## भूपाल नोबल्स संस्थान में हर्षोल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

# गणतंत्र दिवस के साथ संविधान दिवस मनाना एक नई पहल है, अब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा हैंः सी.पी. जोशी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विद्या प्रचारिणी सभा, भूपाल नोबल्स संस्थान की समस्त इकाइयों का सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह संस्थान के खेल मैदान में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी एवं विशिष्ट अतिथि ले. कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाइड, आदि टुकड़ियों की सलामी ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी.पी. जोशी ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व भारत के नागरिकों का गौरवमय पर्व है। आज भारत की सभी क्षेत्रों में वैश्विक पहचान है और हमें इस वैश्विक पहचान को और अधिक बढ़ाना है। 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन भी हमारे लिए गौरव और स्वाभिमान का दिवस है। गणतंत्र दिवस के साथ संविधान दिवस मनाना एक नई पहल है। हमें संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ले.कर्नल मनमोहन सिंह रावत ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एवं सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को स्वतंत्रता हमारे देश के स्वतंत्रता सैनानियों और सैनिकों के त्याग और बलिदान से प्राप्त हुई है। उनके बलिदान को सदैव स्मरण करना चाहिए और देश के विकास के लिए हमें तन-मन-धन से समर्पित होना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा है कि भारत विविधताओं वाला देश है और इन विविधताओं में एकता इस देश की विशिष्ट पहचान है। उन्होंन कहा कि संस्कृति, परम्पराओं एवं विविधताओं का समन्वय बनाये रखना आज की महती आवश्यकता है। युवाओं को देश के सामने आने वाली चुनौतियों के अनुसार अपने-आप को तैयार करना चाहिए। और उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्त्तव्यों के प्रति सदैव सजग और क्रियाशील होना चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्या प्रचारिणी सभा के सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान में



समय के अनुकूल परिवर्तन होता ही रहा है और तभी संविधान का महत्व है और यह हमारे देश के शासन को सुचारु रूप से चलाने में सहायक रहता है। इस अवसर पर संस्थान की विभिन्न इकाइयों की एन.सी.सी. की एयर, आर्मी और नेवल विंग की सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के कैडेट्स, स्काउट गाईड, क्लब बुलबुल, फार्मेसी, विधि एवं शारीरिक शिक्षा की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लेते हुए पाइलेटिंग ऑफिसर माधवी सुधार के नेतृत्व में मार्चपास्ट किया। संस्थान की विभिन्न इकाइयों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें देश की सांस्कृतिक विविधताओं को प्रत्यक्ष किया गया एवं देशभक्ति के भाव को जाग्रत किया गया। मार्चपास्ट प्रदर्शन में जूनियर विंग में 10 राज बटालियन एन.सी.सी., आर्मी जूनियर डिविजन, भूपाल नोबल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम रहा व द्वितीय स्थान पर 01 राज लेवल यूनिट एन.सी.सी.रहा। सीनियर वर्ग में 5 राज बटालियन एन.सी.सी. आर्मी सीनियर डिविजन राजसमन्द, भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द प्रथम व 5 राज बटालियन एन.सी.सी. आर्मी सीनियर विंग, भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय उदयपुर द्वितीय रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में जूनियर विंग में बी.एन. सीनियर सेकेण्डरी स्कूल प्रथम एवं बी.एन. पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा। सीनियर वर्ग में बी.एन. पी.जी. गर्ल्स कॉलेज राजसमन्द प्रथम एवं बी.एन.पी.जी. कॉ-एड कॉलेज द्वितीय रहा।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एन.सी.सी. एवं खेलकूद के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले कैडेट्स एवं खिलाड़ियों एवं परेड एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के विजेताओं को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर समादृत किया गया। निर्णायक के रूप में डॉ. हितैष गंधर्व, डॉ. शिवांगी भट्ट, कृष्णेन्दु साहा उपस्थित थे। इस अवसर पर भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबन्ध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, विद्या प्रचारिणी सभा के संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह झाला, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़, कार्यकारिणी सदस्य नवल सिंह जुड़, सुरेंद्र सिंह रुद, महेन्द्र सिंह पाखण्ड, महेन्द्र सिंह पाटिया, कमलेश्वर सिंह सारंगदेवोत, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, ऑल्ड बॉयज एसोसिएशन के सचिव भानुप्रताप सिंह सोलंकी, समाज सेवी हर्षवर्धन सिंह रुद, विप्रस के गजेंद्र सिंह घटियावलीं, सत्यनारायण सिंह मदारा, नरेंद्र पाल सिंह सेमारी, दिलीप सिंह दूदौड़, भानु प्रताप सिंह ओछडी, आदि गणमान्य संस्थान के विभिन्न इकाइयों के अधिष्ठाता, निदेशक, परीक्षा नियंत्रक, संकाय सदस्य, कर्मचारीगण, अभिभावकगण सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन डॉ. अनिता राठौड़, डॉ. मनीषा शेखावत ने किया।

---

### डीजीपी प्रियदर्शी ने झंडा फहराकर पुलिस कर्मियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई

## पुलिस मुयालय में शान से लहराया तिरंगा, पारंपरिक हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में हुआ आयोजन



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस एससीआरबी, साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवाएं हेमंत प्रियदर्शी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे पुलिस मुख्यालय में तिरंगा फहराया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पारंपरिक हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में हुआ। समारोह में श्री प्रियदर्शी ने परेड की सलामी लेने के बाद सम्मान गार्ड का निरीक्षण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

समारोह में मौजूद पुलिस अधिकारियों, जवानों और पुलिस मुख्यालय के कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इज़हार किया। समारोह में श्री प्रियदर्शी ने चयनित कर्मचारियों को महानिदेशक पुलिस प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र प्रसाद उमानन्द, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सांगा राम, कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह राजपुरोहित, कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्ड बटालियन्स राजस्थान में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह मीणा, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला बारां में सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुबारिक हुसैन, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला भीलवाडा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी भंवर सिंह कानावत, संस्थापन शाखा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोविंद स्वरूप मेघवाल, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उदयपुर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार मीणा एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा में वरिष्ठ सहायक श्री नन्द सिंह राठौड को प्रशंसा पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री अनिल पालीवाल एवं श्री हवा सिंह घुमरिया सहित महानिरीक्षक पुलिस, उपमहानिरीक्षक पुलिस रैंक के वरिष्ठ अधिकारी सहित पुलिस मुख्यालय में कार्यरत अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी सहित मंत्रालयिक वर्ग के कार्मिक मौजूद रहे।

---

## मुस्कान लब ने देश भक्ति गीतों की सुरलहरी सजा गणतंत्र दिवस मनाया




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मुस्कान क्लब यूथ रेविजिटेड़ ने साप्ताहिक विशेष कार्यक्रम मे गणतंत्र दिवस मानते हुए जनवरी माह मे जन्मे 20 सदस्यो का सम्मान किया व उनके सुदीर्घ जीवन की मंगलकामनाएं की मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की 30 देश भक्ति से सराबोर गीतों की सुरलहरी पिरोने वाले कांति पुनमिया -ए मेरे वतन के लोगों, श्रीमती सुरेखा बाबेल- इंसाफ की डगर से , अजीत सिंह खींची - कर चले हम फ़िदा, चंद्र सिंह सांखला - ए मेरे प्यारे वतन, श्रीमती सुनीता शर्मा - मेरे देश की धरती, श्रीमती मंजू सनाढ्य - हम उस देश के वासी हैं, शांति लाल गोडलिया - आओ बच्चो तुम्हे दिखाएं, हरी प्रकाश माली - छोड़ो कल की बाते, श्रीमती रजनी जोशी - मेरा रंग दे बसंती चोला, श्रीमती नलिनी बंधु- जहा डाल डाल पर सोने की चिड़िया सहित अन्य सदस्यो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ नरेश शर्मा ने किया व के के त्रिपाठी एवं सूरज मल पोरवाल ने मंच साँझा किया। राष्ट्र गान व अल्पाहार से समापन हुआ।

---


## गणतंत्र दिवस पर सेवा का अनूठा अनुष्ठान

### सेवा बस्तियों में 33 चिकित्सा शिविरों का हुआ आयोजन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग, सेवा भारती एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन उदयपुर ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा की भावना से गणतंत्र दिवस पर पूरे उदयपुर शहर की समस्त सेवा बस्तियों में एक साथ 33 निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जाँच एवं दवा वितरण शिविर प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे आयोजित किए सेवा भारती चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष विवेक बोहरा ने बताया कि 446 सदस्यों की टोली जिसमें 134 चिकित्सकों, 112 नर्सिंग अधिकारियों व 200 स्वयं सेवकों ने सफलतापूर्वक इस वृहद सतत् चिकित्सा शिविर को आयोजित किया। यह वृहद चिकित्सा शिविर सतत् निश्चित अवधि उपरांत समय समय पर पुनः लगाए जाएंगे नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइज़ेशन उदयपुर के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर राहुल जैन ने बताया है कि शिविर के संयोजक



डॉक्टर अशोक आदित्य व सह संयोजक डॉक्टर पृथ्वी जिगर, डॉक्टर नरेंद्र सिंह देवल, डॉक्टर अजीत सिंह वाघेला थे

शिविर में 134 चिकित्सकों जिसमें प्रमुख डॉक्टर देवेश गुप्ता, डॉक्टर नरेश सिंघल, डॉक्टर मुकेश जैन, डॉक्टर एम पी जैन, डॉक्टर भगराज़ चौधरी, डॉक्टर तरुण व्यास, डॉक्टर मनोज अग्रवाल, डॉक्टर महेश उपाध्याय, डॉक्टर प्रणव भावसार, डॉक्टर शाब्दिका , डॉक्टर संजय गोयल, रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक नीनामा, डॉक्टर कविता बड़जातिया, डॉक्टर भरत बंसल, डॉक्टर सुनील गोयल, डॉक्टर अतुल आमेटा, डॉक्टर मीना पतावत, डॉक्टर प्रीति बडगुर्जर आदि ने अपनी सेवाएं दी । शिविर में 112 नर्सिंग अधिकारी जिसमें प्रमुख श्री अजीत सोलंकी, श्री धरमवीर बैरवा श्री अभिषेक आमेटा, रोहित मेनारिया कपिल खराडी राम शंकर लखारा आदि ने अपनी सेवाएँ दी।

---

## पीएमसीएच में धूमधाम से मनाया गया 76 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भीलो का बेदला स्थित स्थित पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्याालय में 26 जनवरी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। 76वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह मे पेसिफिक मेडिकल विष्वविधालय के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल ने झण्डारोहण किया। इस मौके पर उन्होनें कहा कि चिकित्सा एक ऐसा पेशा है जिसमें नौकरी के साथ-साथ समाज सेवा का भी मौका मिलता है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल, डेन्टल, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरपी एवं पैरामेडिकल के विघार्थीओ ने देशभक्ति से ओतप्रोत सास्कृतिक कार्यक्रमों की आर्कषक प्रस्तुतियॉ दी। इस अवसर पर पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस परिहार ,सीईओ शरद कोठारी सहित सभी कॉलेजों के डीन एवं डॉयरेक्टरो सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




---

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में आयोजित

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाकुंभ और जवानों की वीरता को प्रदर्शित करती प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी**

**विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) का मुख्य समारोह रविवार सुबह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर खेल प्रांगण में समारोहपूर्वक आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण किया गया। गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में परेड कमाण्डर पुलिस निरीक्षक वीणा लोठ के नेतृत्व में मेवाड़ भील कोर के पुलिस उप निरीक्षक हर्षराज सिंह,राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर गोपाल कृष्ण, पुलिस लाइन सलूंबर निलेश कुमार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर दिव्यांशी सोनी, लवकुश टेलेंट सोनू चौबीसा, विद्या निकेतन बालिक माध्यमिक विद्यालय सलूंबर जीनल सोनी, भोपाल नोबल्स बालिका महाविद्यालय भाविका मेघवाल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनीत भलवाड़ा, एम जी जी विद्यालय प्रियांशु खटीक, लव कुश उच्च न्माध्यमिक विद्यालय राघव चौबीसा, लव कुश स्काउट संभव जैन, विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय सलूंबर जसराज सिंह, ताहेरीया उच्च माध्यमिक विद्यालय इब्राहिम भबराणा, प्रताप पब्लिक स्कूल ब्रह्मा खटीक, महेश इंटरनेशनल स्कूल मोहित सिंह झाला के नेतृत्व में बैण्ड प्रदर्शन के साथ अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली, तत्पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने माननीय राज्यपाल महोदय के संदेश का वाचन किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, एसडीम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार मयूर शर्मा आयुक्त गणपत लाल खटीक सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया कर्मी, अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन

समारोह में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम का आकर्षक प्रदर्शन किया।

### यह हुए सम्मानित

मुख्य समारोह में जिलेभर में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाएं देने वालों को मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत के हाथों सम्मानित किया गया। विमला भंडारी साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बाल कहानियां, बाल उपन्यास, चिल्ड्रन पिक्चर, बाल पुस्तक संपादन, किशोर उपन्यास, कहानी संग्रह, कविता संग्रह, नाटक आदि का लेखन कर साहित्य के क्षेत्र में सलूंबर जिले का नाम रौशन किया, बासुदेव कनोड़िया सेवा संस्थान लसाडिया ब्लॉक में अपनी पाठशाला नवाचार किया गया, गायत्री सेवा संस्थान जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए 50 से ज्यादा बच्चों को बाल श्रम से रेस्क्यु करवाने के साथ 130 से ज्यादा बाल विवाह रूकवाने का कार्य प्रशासन के मार्गदर्शन में किया गया है तथा साथ ही जिले में 150 से अधिक निःशुल्क शिक्षा केंद्रों के माध्यम से अनियमित ड्रॉप आऊट एवं शिक्षा से वंचित 6 से 14 वर्ष के 4500 से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया गया वही लव व्यास शिक्षा के क्षैत्र में सराहनीय योगदान एवं जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन, केशर देवी सरपंच ग्राम पंचायत झल्लारा केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन में सराहनीय कार्य, धीरज चौबीस राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 नासिक एवं राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 नई दिल्ली में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 में भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान एवं संभाग स्तरीय युवा महोत्सव 2025 में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीपक पटेल



पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, लक्ष्मण भारती पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, अंकित कलाल निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश की सेवा, हेमांश नेमा एनसीसी नई दिल्ली में विचार/नवाचार प्रतियोगिता आरडीसी 2025 में भाग लिया एवं अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर- 2023 में भाग लिया, मिहिका चाष्टा हिंदी एवं राजस्थानी फिल्मों में जिले की प्रथम बाल कलाकार, सुरेन्द्र सिंह गुलिया परिवहन विभाग के राजस्व अर्जन के विभागीय लक्ष्य का शत प्रतिशत अर्जित कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, गोस मोहमद जिले में कृषि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य, यतीश डामोर चिकित्सा के क्षेत्र में गंभीर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों का उपचार आर्थोपेडिक सर्जरी एवं अस्थि रोग उपचार संबंधित उत्कृष्ट कार्य, रामजी लाल गुर्जर तहसीलदार लसाडिया के पद पर पदस्थापित करते हुए राजकीय दायित्वों का निष्ठा पूर्वक संपादन, पारितोषिक शर्मा विधानसभा चुनाव 2023 विधानसभा उपचुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्य एवं ब्लॉक झल्लारा में दक्षता परीक्षा का सफल आयोजन, रतन लाल पटेल उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं वृक्षारोपण कार्य, सत्यनारायण वेद जिले में साक्षरता के अंतर्गत निरक्षरों को जुड़वाने का कार्य किया गया एवं सत्र 2024ङ्क25 में जिले ब्लॉक लसाडिया को लक्ष्य प्राप्ति में प्रथम स्थान प्राप्त कराया, पवन कुमार टेलर भामाशाह को प्रेरित कर ब्लॉक लसाडिया के विभिन्न विद्यालयों में 10 लाख तक की विभिन्न सामग्रीयो का वितरण करवाया, कचरूलाल मीणा ब्लॉक स्तरीय आयुर्वेद कैंप में सराहनीय योगदान, अशोक कुमार कुमावत उत्कृष्ट राजकीय सेवा, प्रवीण सिंह हेड कांस्टेबल चौकी गावडापाल वृहद महिला चैन स्नेचिंग प्रकरण सोनार माता मंदिर चोरी प्रकरण विभिन्न बाइक चोरी प्रकरण अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ में उल्लेखनीय कार्य कर राजकीय दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन, संजय सुथार जिला कलेक्टर कार्यालय सलूंबर के राजस्व अनुभाग के विभिन्न कार्यों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ संपादन, विजेश जैन लोकसभा चुनाव 2024 एवं विधानसभा उपचुनाव 2024 एवं तहसील सलूंबर एवं उप तहसील गिंगला की डीएलसी रिवीजन का कार्य संपादित किया गया, रघुवीर सिंह चौहान राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में उत्कृष्ट कार्य, रामा मीणा पर्यावरण वन सुरक्षा एवं वन्य जीव संरक्षण कार्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य समारोह में नगर परिषद, चिकित्सा विभाग, वन, शिक्षा, सहकारिता विभाग,विद्युत, कृषि व उद्यान, महिला बाल विकास, आयुर्वेद, परिवहन विभाग, पशुपालन तथा जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों व विकास योजनाओं का संदेश देने वाली झांकियां प्रस्तुत की गई। झाकियों में प्रथम स्थान पर नगर परिषद सलूंबर की रही वही द्वितीय स्थान पर वन विभाग तथा तृतीय स्थान पर जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग एवं परिवहन विभाग की झांकी रही।

### जिले में विभिन्न राजकीय भवनों पर ध्वजारोहण किया गया

गांवों-कस्बो में भी उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस जिले के विभिन्न गांवों-कस्बों, पंचायत समितियों, उपखण्ड मुख्यालयों सहित ग्राम पंचायतों में भी गणतंत्र दिवस पर समारोहपूर्वक मनाया गया जहां संबंधितों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मार्च-पास्ट के आयोजन हुए।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।